10/12/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत एक ऐसा राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है जहां मानवाधिकारों की न केवल रक्षा की जाती है बल्कि उनका सम्मान भी किया जाता है। नई दिल्ली में मानवाधिकार दिवस 2025 और दैनिक आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि गरिमा पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता और किसी को भी उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

0000000000000000

तवांग मठ, चमलेंग में आज महामहिम 14वें दलाई लामा को नोबेल शांति पुरस्कार दिए जाने की 36वीं वर्षगांठ मनाई गई। कार्यक्रम में शामिल होते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पर दलाई लामा को “शांति का सच्चा प्रकाश – स्तंभ” कहा और आशा व्यक्त की कि उनका करुणा और सद्भाव का संदेश विश्वभर में फैलता रहे।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद – APSCT को पंचकुला, चंडीगढ़ में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल दो हजार पच्चीस में जूरी स्पेशल मेंशन पुरस्कार प्राप्त हुआ। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान राज्य की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में बढ़ती नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। कार्यक्रम में टीम ने बायो – रिसोर्स संरक्षण, बायोटेक्नोलॉजी अनुसंधान, मधुमक्खी पालन और समुदाय आधारित विज्ञान पहल को प्रदर्शित किया था।

000000000000000000000

हॉर्नबिल फेस्टिबल दो हजार पच्चीस के दौरान आयोजित अरुणाचल – नागालैंड रांउडटेबल आज एक साझेदारी समझौते के साथ संपन्न हुआ। समझौता पर्यटन, संस्कृति, व्यावसायिक सहयोग, युवाओं व खेल गतिविधियों पर केंद्रित है। इसमें कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में ज्ञान विनिमय भी शामिल है। पर्यटन मंत्री पी डी सोना ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश इस साझेदारी को मजबूत कर विकास और नए अवसरों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

0000000000000000000

दिबांग वैली जिले के अनिनी जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आज पंचायत चुनाव के लिए बैलट बॉक्स, पीठासीन अधिकारी और पोलिंग अधिकारियों का रैंडामाइजेशन किया गया। इस दौरान रैंडमाइज्ड सूचि की प्रतिया सभी उपस्थितों को सत्यापन के लिए वितरित की गई। जिले में कुल पंद्रह मतदान केंद्र निर्धारित है। पंचायतराज के एस डी ई ओ लिजुम एते ने कहा कि ई – गवर्नेंस की प्रगति से इलेक्ट्रानिक रैंडामाइजेशन ने चुनाव प्रबंधन में पारदर्शिता और दक्षता को काफी बढ़ाया है।

0000000000000000

पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यलय – जे एन वी तवांग ने आज “बैगलेस डेज” गतिविधि के तहत सी पी आर और मौलिक जीवन रक्षक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण से छात्रो और कर्मचारियों को जीवनरक्षक तकनीको का व्यावहारिक ज्ञान मिला। यह कार्यक्रम छह पेशेवरों की टीम द्वारा संचालित किया गया था, जो पूरी भारत में जीवन रक्षक जागरुकता फैलाने के मिशन पर यात्रा कर रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन ई पी) दो हजार बीस के तहत बैगलेस डे का उद्देश्य विद्यार्थियों को अधिक प्रायोगिक व सहभागितापूर्ण गतिविधियों में शामिल करना है।

0000000000000000

खोंसा के डी पी डी ओ सह ए डी सी नमनीत सिंह की अध्यक्षता में कल खोंसा में पंचायत चुनाव दो हजार पच्चीस के लिए प्रिसाइडिंग और पोलिंग अधिकारियों के अंतिम चरण का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। बाद में, तिरप जिला उपायुक्त सह डी ई ओ (पी आर) ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक भी की।

000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के उभरते आर्म रेसलर और टीम इंडिया के कैप्टन ओनम गाम्नो ने अजमान यू ए ई में आयोजित एशियन कप आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप दो हजार पच्चीस में रजत पदक जीतकर राज्य और देश को गौरवान्वित किया।

000000000000000000

भारतीय सेना की स्पीयर कोर ने पासीघाट स्थित वेटरन सेवा केंद्र – वी एस के में एक सम्मान समारोह आयोजित किया, जिसमें ईस्ट सियांग और सियांग जिलों के उन पंद्रह युवाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अग्निपथ योजना के अंतर्गत कठोर चयन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की। स्पीयर कोर के अधीन कार्यरत वेटरन्स सेवा केंद्र पासीघाट इन अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और दस्तावेजी सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। स्पीयरहेड एम्पावरिंग वेटरेंस एंड एस्पिरेंट्स (SeVaA) पहल के माध्यम से केंद्र अग्निवीर उम्मीदवारों को समर्थन देने के साथ-साथ पूर्व सैनिको के कल्याण के लिए भी कार्य कर रहा है।

0000000000000000000

नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो एयरलाइंस को अपने शीतकालीन उड़ान परिचालन में दस प्रतिशत कमी करने का निर्देश दिया है। इंडिगो की उड़ान सेवाओं में व्यवधान और समस्या हल कर पाने में उसकी विफलता को इस कटौती का कारण बताया गया। महानिदेशालय ने एक नोटिस में कहा इंडिगो को इस वर्ष नवम्बर में 64 हजार तीन सौ 46 उड़ानों की अनुमति मिली थी लेकिन उसने सिर्फ 59 हजार चार सौ 38 उड़ानों का संचालन किया और नौ सौ 51 उड़ानें रद्द की। छह प्रतिशत वृद्धि के साथ चार सौ तीन विमानों की अनुमति के बावजूद इंडिगो ने नवम्बर में केवल तीन सौ 44 विमानों का परिचालन किया।

0000000000000000

भारत के प्रमुख सांस्कृतिक और आध्यात्मिक त्योहारों में से एक, दीपावली को आज संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन – यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया है। इसकी घोषणा करते हुए संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए एक भावुक क्षण है। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल मनाई ही नहीं जाती, बल्कि इसे पीढ़ियों तक महसूस किया जाता है।

0000000000000000